प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–17.03.2026

बिहार पुलिस मुख्यालय

(आर्थिक अपराध प्रभाग)

विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के सत्यापन पश्चात् कार्यपालक अभियंता, NBPDCL, Electric Supply Divison, जयनगर(मधुबनी) श्री मनोज कुमार रजक के विरूद्ध ज्ञात आय से अधिक सम्पति 62.66 % के आलोक में आर्थिक अपराध थाना काण्ड संख्या-02/2026, दिनांक 16.03.2026 अन्तर्गत धारा-12/13(2) सहपठित धारा-13(1)(बी) भ्र0नि0अधि0-1988 (यथा संशोधित-2018) एवं 49/61 बी0एन0एस0 2023 दर्ज किया गया है।

इस क्रम में श्री रजक के दरभंगा, जयनगर(मधुबनी), एवं निर्मली/करजाईन (सुपौल जिला) स्थित कुल 07 आवासीय, कार्यालय एवं उनके द्वारा संचालित व्यवसायिक ठिकानो पर माननीय निगरानी न्यायालय, मुजफ्फरपुर से तलाशी अधिपत्र प्राप्त कर आज दिनांक 17.03.2026 को प्रातः में तलाशी की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। विस्तृत सूचना तलाशी की कार्यवाई पूर्ण होने के उपरान्त दी जायेगी।

XXXXX